219 अगली चीज जो वे करते हैं, वे अपने पैसों को लेते हैं और—और संयुक्त राज्य के कर्जे को चुकता करते हैं, और इसे कलीसिया से उधार लेते हैं, और फिर, आप बिक गए। जी हां। अब, हम—हम आज जी रहे हैं, अपने विदेशी कर्जे का वहां भुगतान कर रहे हैं, उस कर के पैसों से जिसका भुगतान चालीस वर्षों तक नहीं हो पाएगा जो बीत गए। हमारे पास और पैसा नहीं है। परंतु कलीसिया के पास है, यह। क्या बाइबल नहीं कहती, "वह सोने से सजी हुई है? " और, ओह, प्रभु! परंतु आप...

220 यहां इसी प्रकार से करता है, देखिए आपकी बेटियों से विवाह, बेटियां आपके पुत्रों से, अपने बालकों को कैथोलिक में बड़ा करते हैं, बिल्कुल ठीक, उन्हें आत्मिक मृत्यु से मारते हैं। क्या बाइबल नहीं कहती कि, "कि वह उसे संसारिकता के पलंग पर डाल देगा और उसके बालकों को आत्मिक मृत्यु से मार डालेगा"? प्रकाशितवाक्य 17। समझे?

221 यह सदा वचन है। मैं चिंता नहीं करता आप कहां जाते हैं, यह अब भी वचन है, इसे चित्र में सही बैठना है। यदि यह नहीं, यह वचन नहीं है, यह वचन नहीं है। आप सारी बाइबल में से होकर नहीं निकल सकते हैं, तो फिर यह गलत है।

222 देखिए। इस समय के चलते, परमेश्वर अपने दास को अपने कार्य के लिए प्रशिक्षण दे रहा है, उनकी दृष्टि से दूर उसे शिक्षित कर रहा है, उनकी

योजनाओं से बाहर उनके कार्यक्रमों से, क्या आप यह समझ रहे हैं? उनकी संगठन की व्यवस्था से बाहर, परमेश्वर मनुष्य को अपने उद्देश्य के लिए प्रशिक्षण दे रहा है। वह बस इसे चलने दे रहा है। उसे विवाह करने दो, पत्नी बच्चे होने दे, बालक गर्शम। वह अच्छा सुंदर जीवन जी रहा है, वहां आशीषे मिल रही है। परंतु सारे समय, वहां उसे तैयार कर रहा है, प्रशिक्षण दे रहा है।

223 परमेश्वर और उसके शत्रु ने किया, स्वाभाविक में, तब जिस प्रकार परमेश्वर और उसका शत्रु अब आत्मिक में कर रहे हैं, वे उन्हें स्वाभाविक मृत्यु से मार रहे हैं; अब आत्मिक मृत्यु के साथ। समझे? परमेश्वर एक स्वाभाविक पुरुष को तैयार कर रहा है, उसका नबी कि मिस्त्र में जाए। और शैतान रामसेस को तैयार कर रहा है, उसका स्वाभाविक पुरुष देखिए, एक स्वाभाविक पुरुष तैयार है (क्या?) कि मार डाले या सारे मिस्त्रियो और इब्रानियो को एक साथ, उन्हें अब भी अपनी सेवा के लिए तैयार।

224 इसी कारण यह कठिन है कि बुद्धि के तर्क के विरुद्ध शिक्षा व्यवस्था जो अपनी बात को सिद्ध कर सकते हैं। समझे? यह ठीक बात है। उसकी बुद्धि सदा शिक्षा के लिए जाएगी। चतुर बुद्धि और तर्क के विचार इसे देख भी नहीं पाते।

225 क्या आपने सिसिल डी मिल कि *टेन कमांडमेंट* देखी है? मैं समझता हूं आप में से बहुतों ने देखी। मैं चलचित्र को देखने जाने में विश्वास नहीं करता, यह सारी चीज। परंतु मैंने कलीसिया को अनुमति दी, कि कोई, यदि उनके पास कुछ नहीं सिवाये इसके जिन्होंने इसे देखना चाहा, यह ठीक रहेगा, यदि वे इसे देखना चाहते हैं, क्योंकि, मैं नहीं चाहूंगा कि... पहले, मेरे कुछ बालक गए, वे आये मुझे बता रहे थे। मैं तो बहुत वर्षों से नहीं गया। अंतत:, मैं वहां गया जब यह इस गाड़ियो वाले में था, मैंने वहां ये देखा, मैंने देखा यह क्या था। तब मैंने कलीसिया से कहा, "यदि आप इसे देखना जाना चाहते हैं, यह ठीक है।" यह वहां था। यह बहुत ही अच्छी सुंदर थी।

226 कैसे वह शैतान कि चालाकी वह वहां पर कितना धूर्त था, कैसे वह—वह उन बालकों को मार डालने के लिए भीतर गया, और कैसे उस बुद्धिमान विचारों ने इसे लिया और इसका विश्वास किया, क्योंकि वे इसे देख सकते थे! यह तर्क पूर्ण था। ओह, कैसे परमेश्वर सारे समय इस भविष्यवक्ता

को प्रशिक्षित कर रहा था! और कैसे मिस्त्र इस रामसेस को राजनीति में प्रशिक्षित कर रहा था कि जीत लो! और तब एक दिन एक महान मुकाबला आ गया, उस बुद्धि और आत्मिक सामर्थ का। और रामसेस अपने सारे देवताओं के साथ, वहां पर खड़ा हुआ था, और नील के देवता को पानी उड़ेल कर धन्य कर रहा था। परमेश्वर ने उसे मारा और उससे लहू निकल कर आया। उसके पास था... ओह, मैं—मैंने सोचा, यह प्रहार कर रहा था, देखिए, क्या घटित हुआ। ओह!

227 अब ध्यान दें। बुद्धिमान सदा तर्क पर जाता है। और यह आत्मिक क्षेत्र को नहीं देख सकता, क्योंकि, यह बुद्धिमान है। ओह, ना ही किसी और समय में! वे इसे अब नहीं देख सकते।

228 वे इसे एलिय्याह के दिनों में नहीं देख सके। कैसे यह एक बूढ़ा फुलफुले चेहरे वाला भविष्यवक्ता...

परमेश्वर इस प्रकार की बात कहने के लिए मुझे क्षमा करें। परंतु मैं मैं चूक... और परमेश्वर जानता है, मैं इसे हास्य पद बनाने—बनाने की कोशिश कर रहा था, जैसा मैं कर सकता था ताकि आप इसे देख सके, परमेश्वर के आत्मा को।

229 जैसा पौलुस ने कहा, "मैं तुम्हारे पास लुभावने वचनों और बुद्धि के साथ कभी नहीं आया, क्योंकि तुम्हारे विचार बुद्धिमानी की ओर ना झुक जाए। परंतु मैं पवित्र आत्मा के सामर्थ के संग आया, ताकि तुम्हारा कि—तुम्हारा—तुम्हारा—तुम्हारी आशा और विश्वास टिकेगा ना कि मनुष्य की बुद्धिमानी पर, परन्तु यीशु मसीह की पुनरुत्थान की सामर्थ पर।"

230 इसी कारण, क्यो मैं इसे हास्य पद बना रहा था, उस महान धर्मी भविष्यवक्ता के कहलाने के द्वारा, "फुलफुले चेहरे के साथ।" क्योंकि, वह अजीब सी दिखने वाली चीज हो सकता था कि अच्छे वस्त्रों वाले याजक के बराबर में खड़ा हो और स्वयं को परमेश्वर का जन कहलाये।

231 उसे देखिए। आप याजक की पवित्रताई को देख सके बुद्धिमानी के विचार में। आप उसके सिर पर पगड़ी देख सके और चारों ओर... और उसकी छाती पर एपोद पड़ा हुआ *यहां*। आप अभिषेक के तेल को देख सके, स्वाभाविक उसकी दाढ़ी पर, लबादे नीचे के छोर पर नीचे की ओर बह रहा है। आप बलिदान की जलती हुई आग को देख सके, और सारे अनुष्ठान क्रम में। अब, यही जो स्वाभाविक विचार इसमें जाएगा।

232 यही जो वे आज इसे करने का यत्न कर रहे हैं, आंख, प्राण का द्वार, परंतु आप देखिए, आत्मिक आंख, पीछे उस आंख में!

233 उन्होंने इस बूढ़े फुलफुले सा दिखने वाले व्यक्ति को वहां खड़े देखा उसके सीने पर बाल; और एक बड़ा भेड़ की खाल का टुकड़ा, अपने चारों ओर लपेटे, एक कमर में बंधा हुआ, जो कि संभवत: नंगे पैरों के साथ, हाथों की छोटी लटकती हुई खाल *इस* प्रकार से; और एक सफेद दाढ़ी उसके चेहरे से लटकती हुई; और एक टेढ़ी सी छड़ी उसके हाथ में, वहां खड़ा हुआ है। परन्तु आत्मिक आंख वहां परमेश्वर की सामर्थ को कार्य करते देख सकती थी, क्योंकि यह बिल्कुल ठीक वचन के साथ है। ना कि जो बुद्धिमान देखता है; जो आत्मिक आंख देखती है!

234 और आज स्वाभाविक आंख एक मोहक कलीसिया को देखती है नगर के मेयर के साथ संगति या—या और जो इस नामधारी के संगठन। और वे पवित्र आत्मा के सामर्थ को देखने में असफल रहे, जब यह मृतको को जिलाता और बीमार को चंगा करता है। और—और—और कैसे... समझे? वे, वे देखते हैं और वे हॉलीवुड को देखते हैं और वे सड़क पर लोगों को देखते हैं

235 आज स्त्री सोचती है, "अच्छा, *यह* स्त्री, सूसी कलीसिया की है। उसने अपने बाल कटवा रखे हैं। वह श्रृंगार करती है। नगर में हर कोई उसे पसंद करता है।"

236 मुझे स्वर्ग के विषय में आश्चर्य है? समझे? जब यह वचन के विरोध में है, परमेश्वर इसका समर्थन नहीं कर सकता। वह, वह अपने ही विरोध में समर्थन कर रहा होगा। वह अपने ही वचन का इन्कार कर रहा होगा। और यह मालूम हो जाए, परमेश्वर इसे कभी नहीं करेगा, यदापि आकाश और पृथ्वी टल जाए। एक बाल कटी स्त्रिया परमेश्वर की दृष्टि में श्रापित है, या एक स्त्री जो पुरुष के कपड़े पहनती है। समझे? आत्मिक आंख इसे पकड़ती है; वे यहां के बाद जीवित रहते हैं। स्वाभाविक बुद्धि स्वाभाविक चीजों के आज के तर्क पर जीती है।

237 अब ध्यान दें परमेश्वर यह कर रहा है, और फिर भी लोगों को यह नहीं मालूम। सांसारिक बुद्धि तर्कों के साथ चल रही है। अब परमेश्वर एक आत्मिक निर्गमन के लिए बुला रहा है। कहां उसने अपने लोगों को

स्वाभाविक निर्गमन के लिए बुलाया, आज वह आत्मिक निर्गमन के लिए बुला रहा है (उसका क्या?) उसके चुने हुए केवल उसके चुने हुओ के लिए।

238 अब मिस्र इस्राएल को सही होते नहीं देख सका, यदपि मेमने के लहू के लगे हुए नहीं देख सका, दरवाजे पर और चौखट पर, और वे बातें जो घटित हो रही थी।

239 और वहां परमेश्वर इस नबी में कार्य कर रहा है, और एक पुरुष के वचन को ले रहा है। उसे वहां खड़ा होने दिया और एक—एक छड़ी जिस पर वह झुका हुआ और पूर्व कि ओर बढ़ाता है, और कहा, "मक्खियां आ जाए और मिस्त्रियो के ऊपर फूंका।" वहां वापस चला गया।

और हर किसी ने कहा, "कुछ नहीं हुआ। कुछ नहीं हुआ।"

240 परंतु थोड़ी ही देर के बाद एक पुरानी हरी मक्खी मंडराने लगी। थोड़ी देर के बाद वे सम्भवतः दो पोण्ड प्रति वर्ग गज के हिसाब से, उस मनुष्य ने बोला कि सृष्टि अस्तित्व में आ गई।

241 यहां एक बुद्धिमान रामसेस स वहां पर खड़ा हुआ था, वह विरोध में था; एक बहुत ही धार्मिक पुरुष और जीवते परमेश्वर के आत्मा के विरोध में। और स्वाभाविक बुद्धि केवल रामसेस स को देख सकती थी। परंतु आत्मिक बुद्धि ने प्रतिज्ञा को देखा और इसे घटित होते हुए देखा।

242 ठीक है, यदि यहोशु और कालेब उन अमालेकियो और हिब्बियो और यबूसी ऐसे कि जैसे वे वहां नहीं थे के लिए कहा, तब भी दुगने या तीन या चार गुना वे उनके आकार से थे। और स्वाभाविक बुद्धि, कादेश बर्निया पर जब भेद लेने वाले वहां गए, बोले, "आह, हम यह नहीं कर सकते। हम... वे, वे बहुत अधिक है। अच्छा, हम जैसे—जैसे हम टिड्डियो के समान है, उनके सामने।"

243 परन्तु कालेब और यहोशु ने परमेश्वर की प्रतिज्ञा को देखा, कहा, "हम इसे करने के अधिक योग्य है।" क्यों? वे देख रहे हैं थे। "परमेश्वर ने कहा है, 'यह देश मैं तुम्हें देता हूं।'" समझे? सांसारिक बुद्धि इसे नहीं समझती। आत्मिक बुद्धि इसे समझती है।

244 और क्यों? आप से कुछ पूछना चाहता हूं। मिस्त्री लोग यह चीजें क्यों नहीं देख पाए? क्योंकि वे चुने हुए नहीं थे। परमेश्वर ने अब्राहम को यह होने से पहले बता दिया था। समझे, इसे तुम सोती हुई कलीसिया! परमेश्वर

ने अब्राहम को इसे घटित होने से पहले बता दिया, "तेरा वंश मिस्र में—में परदेसी होकर रहेगा, चार सौ वर्षों के लिए और मैं उन्हें बाहर लेकर आऊंगा।" इसी कारण उन्होंने इसे देखा क्योंकि वे इसे देखने के लिए चुने हुए थे। उनका चुनाव। इस्राएल परमेश्वर का चिन्ह देखने के लिए चुना हुआ था, और वे मिस्त्र से बाहर आये, जहां अविश्वासी नष्ट हो गए।

245 और, आज, परमेश्वर अपने चुनो हुओ को बुला रहा है, अब्राहम के आत्मिक वंश, परमेश्वर के द्वारा जो उसका परमेश्वर के वचन में था। क्या आज आप आत्मिक वंश इसे नहीं देखते? [सभा "आमीन" कहती है—सम्पा।] बुद्धिमान कलीसिया इसे नहीं देखती। ये वचन देखती है। और यह उन बड़े नामधारियों में से बुलाए जा रहे हैं, कि यीशु मसीह की उपस्थिति में आये। आमीन। क्या यह स्पष्ट था? क्या आपने यह समझ लिया? ["आमीन।"] ठीक है, हम आगे बढ़ेंगे। केवल चुने हुए!

डॉक्टर डी. एल. पीएच., वे इसे कभी नहीं देखते। वे चुने हुए नहीं थे।

246 और स्मरण रहे, यह चुनाव अब आ रहा है, किसी और देश में जाने के लिए नहीं; यह महिमा में जा रहा है, जहां उनके नाम मेमने की जीवन की पुस्तक में लिखे हुए हैं। स्वाभाविक की अधीनता में नहीं छोटा पशु मेमना, जो इस्राएल को बाहर लाया, और वे वहां से पिछड़ सकते थे और वापस जाते, परंतु यह नहीं हो सकता। यह परमेश्वर के मेमने की अधीनता में, जो पृथ्वी की सृष्टि से पहले घात किया गया और उनके नाम मेमने की जीवन की पुस्तक में पृथ्वी के रचने से पहले लिखे गए। और वे वहां पर है, चुने हुए। और जब ज्योति उन पर चमकी, इस प्रकार से, उनके लिए नामधारियों की दीवार गिर पड़ी, और यहां वे आ गए, "उनके बीच से निकल आओ," कहा पवित्र आत्मा इन अंत के दिनों में। "उनकी अशुद्ध वस्तुओं को ना छुओ, मैं तुम्हारा परमेश्वर होऊंगा; तुम मेरे पुत्र और पुत्रियां होंगे।" अब, ध्यान दें।

247 इस्राएल देख रहा था। वे जानते थे कि परमेश्वर अपने नबियों के साथ व्यवहार करता है। वे... वचन उनके पास आया और वे इसे देखने को आये। और उन्होंने यह देखा।

248 और अब बुद्धिमानी का चिन्ह, अब हम इसे देखते हैं, कि वे अपने संगठनों पर विश्वास कर रहे हैं। वे अब भी अपने मतसारो में है। फिर भी वे...

249 जैसा कि बालम था, जो पहाड़ कि चोटी पर आया, जहां इस्राएल था, वहां इस्राएल था। ना कि एक राष्ट्र, यह बस एक लोग थे जो भटक रहे थे और दोषी थे। और मोआब उसका भाई, बुद्धिमान, मनुष्य का संगठन, पहाड़ कि चोटी पर बिशप के साथ याने कि भविष्यवक्ता जो उनका था, और एक वेदी तैयार की और वही बलिदान चढ़ाया। परंतु वह अग्नि स्तंभ को देखने में असफल रहा और इस्राएल के मध्य में मारी हुई चट्टान।

250 आज भी ऐसा ही है। बुद्धि के विचार वहां लोकप्रिय लोगों को वहां खड़े हुए देख रहे थे। वे मारी हुई चट्टान को देखने में असफल रहे। यहां तक कि स्वयं बिशप, पवित्र आत्मा की सामर्थ को देखने में असफल रहा, पड़ाव में राजा की चिल्लाहट, वे इसे देखने में अयोग्य रहे।

251 इसलिए, आज फिर से उसी प्रकार से है, परमेश्वर अपने चुने हुए लोगों को बुला रहा है, और वे अब चुने हुए हैं। और वे अब किसलिए चुने हुए हैं? पुनरुत्थान के लिए। और वह उन्हें किस प्रकार के चिन्ह दिखा रहा है? पुनरुत्थान का चिन्ह।

252 तब वह उन्हें क्या दिखा रहा था? एक छुटकारे का चिन्ह, कि उन्हें बंधुआई से छुड़ाए, शक्ति का एक चिन्ह जो आकाश को बंद कर सकता था या आकाश को अंधियारा कर सकता था।

253 और अब वह अपने पुत्र कि पुनुरुत्थान की सामर्थ को दिखा रहा है उनके बीच में, कि उनका पुनरुत्थान इस कब्र और कब्रिस्तान में से कर दे, जिसमें हम हैं उस देश के लिए जिसकी उसने हमसे प्रतिज्ञा की है। पुनरुत्थान का चिन्ह, आत्मिक मिस्त्र और आत्मिक बाबुल में से बाहर बुला रहा है, जानते हुए।

254 अब मैं इसे शांति के साथ कह दू, कि आप इसे पकड़ लेंगे उसी व्यवस्था के द्वारा कर रहा है, जो उसने आरंभ में किया वही चीज, वह कर रहा है। अविश्वासीयों आंखों को अंधा कर रहा है, विश्वासी की आंख को खोल रहा है। और ध्यान दें, राजनीति इसे बुद्धिमानी की ओर कर रही है, राजनीति और कलीसिया, राजनीति और राष्ट्र, हर चीज; और दूसरी ओर का उनसे छिपा हुआ है, एक आत्मिक कारण।

255 परमेश्वर ने एक पुरुष को जंगल में लिया, उसे प्रशिक्षण दिया। और उसे वापस ले आया और उन चीजों को लिया और लोगों को बाहर लाया, देखिए मेरा क्या अर्थ है? वह अपनी योजना को नहीं बदल सकता। वह

परमेश्वर है। वह कभी भी झुंड के साथ व्यवहार नहीं करेगा। उसने कभी नहीं किया वह एक व्यक्तिगत से व्यवहार करता है; और उसने किया और वह करेगा, और उसने प्रतिज्ञा दी है, यहां तक की मलाकी चार में, वह यह करेगा, यह ठीक बात है इसलिए यहां उसकी प्रतिज्ञा है, वह क्या था; प्रतिज्ञा कि जो उसने कहा कि वह करेगा, और हम यहां पर हैं। क्या ही लोग, आनंदित, हमें होना चाहिए; उन्हें चिन्ह दिया जा रहा है उसकी प्रतिज्ञा के द्वारा वचन का चिन्ह, प्रतिज्ञा का वचन, उसने प्रतिज्ञा दी है कि वह यह करेगा और वे... "लोगों के विश्वास को वापस फेरेगा, लोगों के ह्रदय वापस मूल पेंटीकोस्टल पूर्वजों के विश्वास पर।" उसने यह करने की प्रतिज्ञा दी है, अपने चिन्हो को दिखा रहा है।

256 "और जैसा यह सादोम के दिनों में था, ऐसा ही यह मनुष्य के पुत्र के आने के दिनों में होगा।" किस प्रकार के चिन्ह कलीसियाओ ने सादोम में देखें? बुद्धिमान कलीसिया ने क्या देखा? दो प्रचारकों को। आत्मिक कलीसिया ने क्या किया चुनी हुई, अब्राहम और उसका झुंड? परमेश्वर को शारीरिक देह में प्रगट होते हुए देखा, मनुष्य की देह, जो आत्मा को परख सकता था और बताता है उसके पीछे साराह क्या कह रही थी। "जैसा की यह लूत के दिनों में था, इसी प्रकार यह मनुष्य के पुत्र के आने के दिनों में होगा।" हम पवित्र आत्मा को अपने बीच में देखते हैं, उन्हीं चीजों को कर रहा है, मनुष्य की देह में कार्य कर रहा है। यही घड़ी है। समझे? मित्रों हम बस यही है, कुल मिला कर, एक निर्गमन चल रहा है।

257 परंतु अब ध्यान दें, उसने यह तब किस के द्वारा किया? ध्यान दें और इसे अपने आत्मिक विचारों में ले। होने पाए पवित्र आत्मा उदासीनता की पुरानी टोपी को अब पीछे रख दे, और ध्यान से देखे। परमेश्वर ने कभी किसी चीज को करने का निर्णय लिया, एक ओर से वह इसे कभी नहीं बदल सकता।

258 अदन वाटिका में जब वह मनुष्य को वापस छुड़ा कर संगति में लाना चाहता था, उसने एक निर्णय लिया: यह लहू था। उन्होंने शिक्षा से कोशिश की, उन्होंने नामधारी से कोशिश कर ली ये राष्ट्रीयकरण से कोशिश कर चुके और हर चीज और इसने कभी भी काम नहीं किया। केवल एक ही स्थान है, जहां परमेश्वर मनुष्य के साथ मिलेगा, वह बहाए हुए लहू के नीचे, जैसा यह अदन वाटिका में था। यह कभी नहीं बदला केवल स्थान जहां

परमेश्वर मिलता है, अय्यूब के दिनों में वह बलिदान किए गए मेमने की अधीनता में। केवल स्थान जहां वह इस्राएल के दिनों में मिला, बलिदान किए गए मेमने के नीचे; जैसा उसने अदन वाटिका में किया, मेमने के बलिदान के नीचे।

259 आज केवल एक ही स्थान के नीचे मिलता है, यह नामधारियो में नहीं है, वे विवाद और एक दूसरे से लड़ते हैं। कलीसिया वादी में नहीं; वे अब भी वही चीज करते हैं। बुद्धिमानियो में नहीं; वे सब मिलजुल गए हैं। परंतु मेमने के लहू के नीचे, हर विश्वासी संगति में मिल सकता है, जहां जीवन है।

260 परमेश्वर ने निर्गमन के दिनों में चुना, उसने एक झुंड को बाहर बुलाया। और उस झुंड में से, मैं चाहता हूं कि आप किसी चीज पर ध्यान दें, उसे केवल दो मिले जो प्रतिज्ञा के देश में गए। उन्हें बाहर निकालने के लिए उसने क्या चुना राजनीति, संगठन? उसने नबी को चुना, अग्नि स्तंभ के अलौकिक चिन्ह के साथ कि लोग गलती नहीं करेंगे। जो भविष्यवक्ता ने कहा सत्य था। और परमेश्वर अग्नि स्तंभ में नीचे उतर आया अपने आप को प्रमाणित किया, अपना वचन दिखाया। यह ठीक बात है? [सभा "आमीन" कहती है—सम्पा।] यही जो वह लाया, उसका पहला निर्गमन। उसका दूसरा निर्गमन...

261 परमेश्वर सदा तीन में जाता है। वह तीन में सिद्ध है। आप मेरे प्रचार पर ध्यान दें, ये सदा तीन और सात में है। ऊह–हूं। *सात* "पूर्ण" है। *तीन* उसकी "सिद्धता" है। पहला, दूसरा और तीसरा खींचाव। और, ओह, सब, हर चीज। समझे? न्यायोचित, पवित्रीकरण, बपतिस्मा पवित्र आत्मा का। पिता, पुत्र पवित्र आत्मा... हर चीज! समझे? ध्यान दें।

262 उसने क्या किया पहले निर्गमन में? उसने एक भविष्यवक्ता भेजा, अग्नि स्तम्भ के अभीषेक में और उसने लोगों को बाहर बुला लिया। यह उसका पहला निर्गमन था।

263 और जब इस्राएल का समय पूरा हुआ, उसने फिर से एक परमेश्वर भविष्यवक्ता भेजा अग्नि स्तंभ के साथ, युहन्ना ने इसे स्वर्ग से पंडुकी के समान उतरते देखा। और उसने कहा, "मैं परमेश्वर के पास जाता हूं और मैं परमेश्वर के पास वापस।"

264 उसकी मृत्यु, गाडे जाने और जी उठने के बाद, तारसुस का शाऊल दमिश्क के मार्ग पर था, तो उसी अग्नि स्तंभ को देखा। और वह एक इब्रानी

होने के नाते, वचन की अच्छी शिक्षा पाई थी, कहा, "प्रभु तू कौन है? " वह जान गया कि यह प्रभु है, वह अग्नि का स्तंभ। वह एक इब्री था। कहा, "तू कौन है? "

और उसने कहा, "मैं यीशु हूं।"

265 दूसरा निर्गमन, वह एक अभिषिक्त भविष्यवक्ता को लेकर आया, जो कि उसका पुत्र था, परमेश्वर भविष्यवक्ता। मूसा ने कहा वह एक भविष्यवक्ता होगा; और एक अग्नि संबंध था, और चिन्ह और आश्चर्यकर्म किए। और उसी भविष्यवक्ता ने कहा कि, "जो कोई मुझमें विश्वास करता है, वे काम जो मैं करता हूं वह भी करेगा।"

266 और यहां उसने उसी बात कि प्रतिज्ञा की है निर्गमन में अंत के दिनों में और इसे बदल नहीं सकता। और वैज्ञानिक प्रमाणों के द्वारा, आत्मा की गवाही के द्वारा, आत्मा के कामों के द्वारा, आज हम यह देखते हैं, कि महान अग्नि स्तंभ हमारे मध्य में कार्य कर रहा है; और चिन्ह और आश्चर्यकर्म यीशु मसीह के पुनुरुत्थान के, लोगों को नामधारीवाद में से बुला रहा है यीशु मसीह कि उपस्थिति में कि देश में जाते हुए जीवित रहे। मित्रों, इसमें कोई गलती नहीं है, यह वह नहीं जो मैं कह रहा हूं, मैं तो बस आपका भाई हूं, परन्तु यह वह जो परमेश्वरा आप पर सिद्ध कर रहा है, जो इसे सत्य बनाता है। वही अग्नि स्तंभ उसने दूसरी दो के लिए प्रयोग किया और आज वह इसे आपके बीच में लाया है और इसे वैज्ञानिक रीति से प्रमाणित किया है। जैसा कि आप जानते हैं *लाईफ* पत्रिका ने इसे पिछले महीने छापा है वहां। जहां...

267 कितने यहां पर थे और मुझे इस विषय में बताते सुना है, क्या घटित हुआ, इसके पहले इतने यह किया, लगभग हर एक के लिए कलीसिया में।

268 ये यहां है। वे नहीं जानते यह सब किस विषय में है; वैज्ञानिक कोशिश कर रहे हैं, किसी के पास इसका चित्र है बुलाया हुआ, "एक बादल 26 मील ऊंचा, पिरामिड के आकार में।" सात दूत उसमें चित्रित है, वापस लाये और आपके पास परमेश्वर का वचन प्रेरणा में लेकर आये, यह उन समयो को बताते हैं जिसमें कि आप आ रहे हैं और जीवित है। आत्मिक समझ उसे इस समय समझ जाएगी, देखिए, और इसे लेती है। यह एक निर्गमन है। हम इन्हीं किन्ही दिनों में छोड़ने जा रहे हैं। परमेश्वर का धन्यवाद हो। स्मरण रहे।

और मैं एक मिनट में बंद कर दूंगा। मेरे पास दस मिनट है।

269 ध्यान दे अग्नि स्तम्भ जिसमें उन्हें बाहर बुलाया, और प्रतिज्ञा के देश के लिए उनकी अगुवाई की, एक भविष्यवक्ता के अभिषेक में। एक अग्नि स्तम्भ जिसकी ओर वे देख सकते थे, प्रतिज्ञा के देश के लिए अगुवाई की, अभिषिक्त भविष्यवक्ता की अधीनता में। और वे बराबर उसे अस्वीकार करते रहे। यह ठीक बात है? [सभा "आमीन" कहती है।—सम्पा।] निश्चय ही।

270 अब, मैं जानता हूं कि हमारी बपतिस्मे कि सभा है। मेरे पास लगभग छ: पन्ने और बचे हैं, मैं समझता हूं। परन्तु अब मैं बंद करने जा रहा हूं, बस एक मिनट में।

271 इस पर ध्यान दें। हम एक बुलाहट में है, "'बाबुल से बाहर निकलो मेरे लोगों,' स्वर्गदूत की आवाज ने कहा," किस से बाहर? भ्रम से। क्या मैथोडिस्ट सही है या बैपटिस्ट या कैथोलिक? "इस से बाहर आ जाओ।" परमेश्वर सही है। आप कैसे जानते हैं? "हर मनुष्य का वचन झूठा और मेरा सच्चा। इससे बाहर आ जाओ।" आप क्या जानते हैं? वही अग्नि स्तंभ वही आत्मा का अभिषेक, प्रतिज्ञा के देश की ओर ले जा रहा है।

272 ध्यान दें, उनकी अगुवाई की, उन्हें बाहर ले कर आया प्रतिज्ञा के देश की ओर उनकी अगुवाई की; इस्राएल, एक राष्ट्र।

273 और वही परमेश्वर, वही अग्नि स्तंभ! केवल उसने... "वे कहते हैं कि... वह वह कैमरा... " जब आप जॉर्ज, जे लेसी को पढ़ते हैं; अब मुझे नहीं, आप पढ़ते हैं जहां जोर्ज जे लेसी ने उस चित्र की जांच की एफ बी आई, का अध्यक्ष; ऊँगली की छाप और दस्तावेजों का वहां उसका कथन है। "उनमें से कुछ कहते हैं, 'एक लेंस पर दो बार प्रकाश पड़ा।'" दसियों हजार लोगों ने इसे देख लिया अपनी आंखों से। हमने वहां खड़े होकर इसे देखा। आपने इसे देखा [सभा "आमीन" कहती है।—सम्पा।] यह नहीं। "उन्होंने कहा, 'यह दृष्टि का भ्रम है।'" श्री लेंसी ने क्या कहा? "कैमरे की यांत्रिकी आंख मनोविज्ञान को नहीं लेगी।" ऊह–हूं! यह दृष्टि भ्रम नहीं था। यह वहां पर है, वही अग्नि स्तंभ।

तब वे कहते हैं, "ओह, अच्छा, ये भ्रम था।"

अब, कैमरे, सारे ट्यूसान के सैकड़ों मिलो!

274 यहां छ: महीनों पहले हुआ, हमने आपको पवित्र आत्मा के द्वारा बताया, मैं वहां समाचार एकत्र करने जा रहा होऊंगा। क्योंकि पिरामिड का लेख

बाहर था, जैसा कि भाई ने स्वप्न देखा था और मैंने आपके लिए इसका अनुवाद किया था। वही कुल मिला कर अनुवाद था। अब, न्यायोचित पवित्रीकरण, का पवित्र आत्मा का बपतिस्मे के भेद, स्पष्ट कर दिए गए हैं। अब इसकी अनसुलझी बातों को ले रहे हैं, जो कि सात मोहरो में छिपी थी, ना कि सात कलीसियाओ में। सात मोहरे भेदों को प्रगट करती है। और फिर उसने इस बात को ऊपर खोल दिया, और वहां पर एक पत्थर को पाया, सफेद, परंतु इस पर कभी नहीं लिखा गया था। यह एक भेद था।

275 ट्यूसान जाओ; इस से पहले कि घटित हो पहले से बताओ। ट्यूसान के उत्तर की ओर खड़े हो, यहां इसके साथ गवाह खड़े हैं, जब धमाका हुआ, जिसने पहाड़ को लगभग जड़ से ही हिला दिया। और उस समय में, उजियाले का एक चक्र वहां हवा में था, जब विज्ञान ने इसका चित्र लिया अब। "छब्बीस मील ऊंचा," कोहरे के दूरी से लगभग पांच गुना या कुछ भी हो सकता। और वे यह भी नहीं ढूंढ पाए इसने क्या किया।

276 "सांझ के समय के लगभग उजियाला होगा।" महिमा का मार्ग आप निश्चय ही पायेंगे, यदि आप चुने हुए हैं। वह बीज सूखी भूमि पर गिरता है, पत्थरों पर, यह कभी कुछ नहीं करेगा; कठोर, पत्थर के ह्रदय, जो तटस्थ होना चाहते हैं। परंतु यदि यह मुलायम भूमि पर गिरेगा, विश्वास की दयालु भूमि, यह एक मसीही को लेकर आयेगा, जिसमें आत्मा के फल होंगे।

277 ध्यान दे परमेश्वर ने यह कैसे किया, अब उसके पास वही अग्नि स्तंभ है। जो प्रमाणित हुआ।

किसी ने कहा, "क्यों नहीं तुम जा कर वैज्ञानिकों को बता देते हो इस विषय में?"

278 आप सोचते हैं, वे इसका विश्वास करेंगे? "अपने मोती सूअरों के आगे मत डालो," यीशु ने कहा, नहीं। यह करने की मुझे अगुवाई नहीं, जब की ठीक उसी नगर में था जहां वे इसके लिए बुला रहे थे। मैंने सोचा मैं जाऊंगा। पवित्र आत्मा ने कहा, "अलग रहो, यह उनके लिए नहीं है, वापस जाकर आराधनालय में बताओ।" ठीक है।

279 "और यह घटित होगा, यदि, जो वे कहते हैं घटित होता है, तब स्मरण रखे मैं बोल चुका हूं," प्रभु कहता है, "देखिए, इसके पहले यह घटित हो।" यह होता है। बाइबल की सुनिए, परमेश्वर की आवाज इस दिन में आपको बुला रही है।

280 अब मैं चाहता हूं कि आप ध्यान दें, वही अग्निस्तंभ लोगों को फिर से अगुवाई कर रहा है उस प्रतिज्ञा के देश के लिए, सहस्त्रशताब्दी। जहां हम प्रेरणा की अधीनता में पाते हैं, इस छठवीं मोहर का, यह इससे पहले कभी नहीं सिखाया गया कि पृथ्वी को सहस्त्रशताब्दी के लिए कैसे शुद्ध किया जाए। अग्नि स्तंभ उनकी सहस्त्रशताब्दी में अगुवाई कर रहा है।

281 और अग्नि स्तंभ पर ध्यान दें जिसने इस्राएल की बधुवाई से की निर्गमन में; अग्निस्तंभ, परमेश्वर कि अगुवाई में... परमेश्वर आग था और अग्नि स्तम्भ ने केवल भविष्यवक्ता का अभिषेक किया। अग्नि स्तंभ वहां स्वर्गीय गवाह के समान खड़ा था कि मूसा बुलाया गया था।

282 आपको दातान आदि स्मरण है, कहा, "हम एक संगठन आरंभ करना चाहते हैं, मूसा तू अपने पर बहुत कुछ लेता है। तू यह कहने का यत्न कर रहा है कि केवल तू ही हमारे मध्य में पवित्र है। प्रभु की सारी मंडली पवित्र है; कैसे तू यह अपने पर ले सकता है? "

283 तब मूसा मुंह के बल गिरा और रोने लगा, परमेश्वर ने कहा, "अपने आप को उससे अलग कर, मैं बस धरती खोलुंगा और उसे निगल जाऊंगा।" प्रकार। कैसे... मूसा ने उन्हें बताया कि वह उन्हें बता रहा था कि परमेश्वर ने क्या कहा परमेश्वर ने इसे सत्य होने को प्रमाणित किया।

284 यहां तक कि मरियम स्वयं में नबी और हारून मूसा पर हंसे उस इथोपियन लड़की से विवाह करने पर उसका उपहास उड़ाया, और परमेश्वर क्रोधित हो गया; उसके दास के विरुद्ध बोल रहे हैं। उसने क्या किया? उसने उन्हें तंबू के द्वार पर बुलाया और मरियम फिर भी वह एक भविष्यवक्तनी थी, परन्तु मूसा भविष्यवक्ता से अधिक था, भविष्यवक्ता से बड़ा। उसने कहा, "क्या तुम में परमेश्वर का भय नहीं? यदि तुम्हारे मध्य में कोई भविष्यवक्ता है, मैं प्रभु उससे दर्शन में बातें करूंगा, और अपने आप को उस पर स्वप्न में प्रगट करूंगा, परन्तु," कहा, "मूसा नहीं," कहा, "क्या तुम परमेश्वर का भय नहीं मानते? " और वह—वह कोढ से अधमरी हो गई, उसी समय। आप यह जानते हैं।

285 क्या उसने नहीं कहा, "युहन्ना बप्तिस्मा देने वाला। क्या तुम भविष्यवक्ता को देखने को गए थे? हां भविष्यवक्ता से बड़े को"? क्यों? क्यों वह एक भविष्यवक्ता से अधिक बड़ा है? वह वाचा का संदेशवाहक था वह वाचा का संदूक जो उन दोनों विधानो को आपस में जोड़ता है।

286 और आज, वह... हमारे मध्य में क्या है यह महान पवित्र आत्मा जो भविष्यवक्ता से बड़ा है। यह परमेश्वर का प्रगटीकरण हमारे मध्य में अपने वचन के साथ कि इसे सिद्ध करें, भविष्यवक्ता से अधिक करता है, जो भविष्यवक्ता करता है, उससे हजार गुना अधिक।

287 एलिय्याह, युग का एक महानतम भविष्यवक्ता, केवल चार अलौकिक चीजें की अपने सारे जीवन में अस्सी कुछ वर्ष का। और एलीशा, दुगने भाग के साथ, ने आठ किए।

288 और हम हजार गुना हजार अपनी आंखों से, प्रभु के स्वर्गदूत को देखते हैं, अग्नि स्तंभ में। वैज्ञानिक खोज इसे संसार में ले गई, यह जानते हुए कि उनका न्याय इसके द्वारा होने जा रहा है। उस मेमने ने क्या किया कि प्रभु का स्वर्गदूत, जो कि मसीहा था? आप इसका विश्वास करते हैं? [सभा "आमीन" कहती है—सम्पा।]

289 संत युहन्ना छठवे। सारे इस जल को पी रहे थे और एक महान समय और आनंदित। उसने कहा, "मैं जीवन की रोटी हूं, जो परमेश्वर के पास आई है स्वर्ग से। मैं वह चट्टान हूं, जो जंगल में थी।"

290 उन्होंने कहा, "अब हम जान गए हैं कि तू पागल है। तू—तू पागल । है तुझ पर शैतान है, तू एक पागल मनुष्य है, एक शैतान के साथ।" आप जानते हैं लोगों पर आत्मा होती है कभी–कभी वे बहुत ही सक्रिय होते हैं धर्मी। उन्होंने कहा, "तू—तू एक शैतान है। तेरे ऊपर शैतान है। तू एक सामरी है, और तेरे पर शैतान है।" कहा, "और यहां, तू यहां कि पचास वर्ष से अधिक का नहीं है और तू कहता है 'तूने अब्राहम को देखा है'? "

291 मैं देख सकता हूं कि वह कुछ कदम पीछे हटा, बोला, "मैं वह जो मैं हूं इसके पहले अब्राहम था मैं हूं," यह एक जलती आग थी, वह झाड़ी में अग्नि स्तंभ।

292 जब वह मरा, तीसरे दिन जी उठा और शाऊल ने उससे मार्ग में भेंट की, वह वापस अग्नि स्तंभ में था। कहा, "मैं परमेश्वर से आया हूं, और मैं परमेश्वर के पास जाता हूं।"

293 जब पतरस जेल में था, वह अग्नि स्तंभ अंदर आया दरवाजे खोल दिए और उसे बाहर ले गया। यह ठीक बात है।

उस अग्निस्तम्भ ने उनकी अगुवाई किधर की?

294 अब याद रखें, मूसा अग्निस्तम्भ नहीं था। वह तो अभिषिक्त अगुवा, अग्निस्तंभ की अधीनता में था, अग्निस्तंभ केवल उसके संदेश को चिन्ह और आश्चर्यकर्मों से प्रमाणित कर रहा था।

295 और अग्निस्तंभ उनकी अगुवाई करके परमेश्वर के प्रतिज्ञा के देश में ले गया, जहां वह स्वयं उनके बीच में देहधारी हो कर आयेगा किसी दिन, यह ठीक बात है? [सभा "आमीन" कहती है—सम्पा।] उन्होंने क्या किया? बुडबुडाना, छटपटाना और सारी बातें यह दिखाने के लिए कि यह साधारण मेमने के लहू के नीचे थे।

296 परंतु इस बार (परमेश्वर की महिमा) वह स्तंभ हम अपने बीच में देखते हैं, अग्नि स्तंभ हमें हमें सहस्त्रशताब्दी में ले जाएगा, जहां वह अपने लोगों में उस महान सहस्त्रशताब्दी के राज्य में वापस आयेगा इस निर्गमन के बाद, जहां हम उसके साथ अनंतता में वास करेंगे। उसके पास सदा पिता का वचन था, सदा सिद्ध हुआ कि यह सही है।

297 हम एक निर्गमन में हैं, और छोड़ रहे हैं, और एक क्षण में टेपो को बंद कर रहे हैं। ओह, मेरे मित्रों, मेरे भाइयों दोनों जो उपस्थित है और जो इन टेपों को सुनेंगे, मुझे... आपके भाई और परमेश्वर के राज्य के नागरिक के सामान, इस निर्गमन के लिए बाहर आ जाओ, क्योंकि वे सब जो पीछे छूट गए वे पशु कि छाप को लेंगे। बाबुल से बाहर आ जाओ। इस भ्रम में से बाहर आ जाओ। इस व्यवस्था से बाहर आ जाओ और जीवित परमेश्वर कि सेवा करो। होने पाए...

298 वाचा का यह महान स्वर्ग दूत! "यीशु मसीह परमेश्वर के रूप में, इसे डकैती ना सोचे, परंतु परमेश्वर के साथ बराबर हो गया।" अब वह अग्नि स्तंभ है, उसी रूप में जिसमें वह पहले था, उस पहले निर्गमन को लाया, दूसरे निर्गमन को ला रहा है और यहां यह तीसरे के साथ है।

299 पहला निर्गमन, उसने क्या किया? वह उन्हें स्वाभाविक देश से निकाल लाया, स्वाभाविक देश में।

300 दूसरा निर्गमन, वह उन्हें आत्मिक स्थिति से बाहर ले आया, पवित्र आत्मा के आत्मिक बपतिस्मे में।

301 अब वह उन्हें पवित्र आत्मा के आत्मिक बपतिस्मे से, सीधा वापस सहस्त्रशताब्दी के अनंत देश में ला रहा है और उस महान के पश्चात। वही अग्नि स्तंभ, उसी अभिषेक कि व्यवस्था के द्वारा, वही परमेश्वर उन्हीं चीजों

को कर रहा है! और वहीं वचन, पहले की घोषणा करता है, दूसरे वाले की घोषणा करता है, वहीं वचन दूसरे वाले की घोषणा करता है, तीसरे वाले की कर दी है और इसे हम अपने बीच में देखते हैं।

302 बाहर आ जाओ, ओह! इस गड़बड़ी से बाहर आ जाओ, जीवित परमेश्वर के पास आ जाओ, वचन पर आ जाओ। "और वचन देहधारी हुआ और हमारे मध्य में निवास किया।" और अब वह हमारी देह में है, हमारे बीच में रहता है, बाहर आ जाओ और जीवित परमेश्वर की सेवा करो।

303 जबकि हमने अपने सिरों को झुकाए हुए हैं। [एक भाई अन्य भाषा में बोलता है, दूसरा भाई अनुवाद देता है—सम्पा।]

304 अपने झुके हुए सिरों के साथ। अपने प्राण की गहराईयो में अपनी सारी गहराईयो जो आप में है, क्या आप इच्छा करते हैं कि स्मरण किया जाए... आप संसार कि सारी बातें रोकने को तैयार है और परमेश्वर के लिए जिए? अब यदि आपका यह अर्थ नहीं है, आप यहा ना करें। परंतु यदि आपका यही अर्थ है अपने पूरे ह्रदय से कि अब आप स्वीकार करते हैं। जैसा यीशु ने कहा अपनी सेवकाई के अंत में, "क्या तुम अब विश्वास करते हो? " क्या आपने विश्वास कर लिया कि यह बातें सही है, परमेश्वर द्वारा प्रमाणित और कि हम अंत के समय में है और आप सच में अब मसीह के पास आना चाहते हैं? इस निर्गमन में आ जाए, तटस्थ कहलाने वाले से बाहर नामधारी वाद से, विचार और संसार कि चीजों और आप पूरे ह्रदय से उसे स्मरण समर्पण करना चाहते हैं, और निकलकर निर्गमन में आ जाए, उस धन्य प्रतिज्ञा के देश में, क्या आप अपने हाथों को उठायेंगे, जबकी हम प्रार्थना करते हैं? क्या आप वास्तव में निश्चित है कि आप बाहर आना चाहते हैं, हर कोई?

305 स्वर्गीय पिता, वे जिन्होंने अपने हाथ आये हुए हैं, प्रभु, अब आप उन्हें बाहर आने दे, होने पाए पवित्र आत्मा, प्रतिज्ञा के वचन पर हो, पवित्र आत्मा इनके ह्रदय में हलचल करें। हमारी भक्त मंडली से बाहर, वहां लगभग बीस हाथ है, पिता मैं समझता हूं यह संतुष्ट करता है और जानते हैं कि यही है यह सत्य है और ये बाहर आना चाहते हैं। यदि वहां था...

306 इस्राएल के बाहर आने के दिनों में साढ़े बीस लाख लोगों में से केवल दो ही देश में पहुंच पाए।

307 यीशु मसीह के दिनों में, वहां लगभग एक सौ बीस ही कर पाए।

308 और अब इस संसार के अंत के दिनों में, आप ने कहा, "सीधा है वह द्वार और सकरा है, वह मार्ग और थोड़े से ही इसे पायेंगे। परंतु चौडा है, वह मार्ग जो विनाश को पहुंचाता है, और बहुत से उसमें प्रवेश करेंगे।" ये शब्द असफल नहीं हो सकते। ये आपके हैं।

309 अब मैं इनके लिए प्रार्थना करता हूं, प्रभु। मैं प्रार्थना करता हूं कि आप इस घड़ी में अपने पवित्र आत्मा के द्वारा इनके ह्रदयो का खतना करेंगे, संसार कि सारी चीजें बाहर कर दे। इनके कानों का खतना करें, ताकि ये परमेश्वर की स्पष्ट आवाज को सुन सके, जो अपने वचन में से होकर बुला रहा है, और दिन के उजियाले में होकर। और प्रभु, प्रदान करे कि इनकी आंखें खुल जाएगी और ये परमेश्वर की महिमा को देख सके, इस अंतिम समाप्त होने वाली घड़ी में। आपने कहा, "वह सब जो पिता मुझ में मुझे दिया है, मेरे पास आयेगा, और मैं उन्हें अंतिम दिन में जिला उठाऊंगा।"

310 प्रभु, हो सकता है, यहां बहुत से हो जो अब भी ना समझ पाए हो। मैं प्रार्थना करता हूं कि आप उन से व्यवहार करेंगे, और उन्हें एक और सौभाग्य दे, प्रभु, ताकि वे इसे समझने के योग्य हो सके, आपको आपके वचन में से सुनते हुए, अपने आप को सिद्ध कर रहे हैं; और फिर हम से अलौकिक आवाज में बोलते हैं और फिर अनुवाद के साथ कि आपके महान कार्यों को देखें, और सत्य प्रमाणित करें बाइबल के अनुसार। मैं प्रार्थना करता हूं परमेश्वर कि आप हमें हमारे पापों को क्षमा करेंगे, अब, और जैसा कि मैं स्वयं को इस वचन पर रखता हूं।

311 परमेश्वर, मैं सोच रहा हूं कि एक ही सप्ताह पहले, मैं—मैंने अपने आपको फर्श पर मरे हुए मनुष्य के ऊपर डाला यहां। मैंने देखा उस महान पवित्र आत्मा ने उसे जीवन में वापस ला दिया। उसकी आंखें वापस उसके सिर के अंदर चली गई थी मरा हुआ पड़ा था। बस थोड़े से, थोड़े से शब्दों में आपके नाम को पुकारा, मैंने उसे जीवित देखा, और आज वह यहां अब भी जीवित है। प्रभु आप एक से परमेश्वर है जो, जब पौलुस ने अपने आप को उस लड़के पर डाला, जो उसे बहुत देर से प्रचार करते हुए सुन रहा था, वह पुरुष जो खिड़की पर से गिर पड़ा। आप वही परमेश्वर है जो जीवन को वापस ला सकता है, पिता हम आपको धन्यवाद देते हैं। होने पाए... अविश्वासी, विश्वास ना कर पाए। परंतु हम विश्वास करते हैं, प्रभु, तूने अपने आपको हम पर प्रमाणित किया है।

312 अब मेरे हृदय का चिंतन और मेरे मस्तिष्क के विचार, मेरी शक्ति और सब, इस वचन में पिघल जाए, और वचन। और मैं एक साथ हो जाए, प्रभु लोगों के साथ, परमेश्वर के राज्य की ओर आगे बढ़ते जाए, प्रभु इसे प्रदान करें। हमारे पापों को क्षमा कर दे। हमारी बीमारियों को चंगा कर दे, और अपने राज्य के लोग बना ले।

313 और अब, जैसा कि ये लोग आ रहे हैं, प्रभु और तालाब खुला हुआ है, जल तैयार है और कुछ ही मिनटों में बपतिस्मे आरंभ होंगे, हम याद करते हैं जब यही सुसमाचार प्रचार किया गया था, बाइबल कहती है, "जितनो ने विश्वास किया बपतिस्मा लिया था।"

314 यहां पर रुमाल रखे हुए हैं, प्रभु, जिन्हें मैं यीशु मसीह के नाम में आशीषित करता हूं, बीमारो की चंगाई के लिए। तब जब...

315 हमारी सेवाएं लंबी है, देर घंटो तक चलती है, हमें वचन डालना चाहिए जबकी भूमि तैयार है, बो दो, क्योंकि ठंडी जाड़े आ रहे हैं। हम ये देखते हैं। पत्तियां गिर रही है और हम जानते हैं कि शीतकाल पास में ही है। हमें सतह खोदनी चाहिए, और बीज गाड दे। इसलिए, मैं प्रार्थना करता हूं, स्वर्गीय पिता, कि आप प्रत्येक हृदय से बात करेंगे।

316 और बाइबल ने कहा, "जितनो ने विश्वास किया, बपतिस्मा लिया।" और प्रभु अब यदि यहां बहुत से है, जिन्होंने विश्वास कर लिया और अभी तक बपतिस्मा नहीं लिया, तेरे प्रिय बालक यीशु के नाम में, होने पाए, वे इस सुबह में आये प्रेम और नम्रता में, और अपने पापों को स्वीकार करते हुए और संसार की चीजों के लिए मरते हुए; कि गाड़े जाए, कि यीशु मसीह के नाम को ले ले; इसके पश्चात भक्ति पूर्ण जीवन व्यतीत करें, पवित्र आत्मा के सहायता के द्वारा। हम इन्हें आपको समर्पित करते हैं, अब प्रभु इस उद्देश्य से यीशु मसीह के नाम में। आमीन।

317 अब हम सेवा भाई नवीन को देते हैं और जो कुछ भी उनके पास है कहने को, जब कि बपतिस्मे की सेवा के लिए तैयार हो रहे है।

318 और आज रात्रि साढ़े सात बजे प्रभु ने चाहा, मैं इस दूसरे संदेश को टेप करना चाहता हूं। परमेश्वर तब तक आपको आशीष दे।

तीसरा निर्गमन HIN63–0630M

(The Third Exodus)

यह सन्देश भाई विलियम मेरियन ब्रंहम के द्वारा मूल रूप से इंग्लिश में रविवार सुबह, 30 जून, 1963 को ब्रन्हम टेबरनेकल, जेफरसनविले, इंडियाना, यु.एस.ए में प्रचारित किया गया। इसे चुम्बकीय टेप रिकॉर्डिंग से लिया गया है, और इंग्लिश में विस्तृत छापा गया है। इस हिंदी अनुवाद को वोईस ऑफ गॉड रिकॉर्डिंग के द्वारा छापा गया और बाँटा गया है।

HINDI

©2019 VGR, ALL RIGHTS RESERVED

VOICE OF GOD RECORDINGS, INDIA OFFICE
19 (NEW NO: 28) SHENOY ROAD, NUNGAMBAKKAM
CHENNAI 600 034, INDIA
044 28274560 • 044 28251791
india@vgroffice.org

VOICE OF GOD RECORDINGS
P.O. BOX 950, JEFFERSONVILLE, INDIANA 47131 U.S.A.
www.branham.org

कोपी राईट सूचना

सारे अधिकार सुरक्षित है। यह पुस्तक व्यक्तिगत प्रयोग या मुफ्त में देने और एक औजार के समान यीशु मसीह का सुसमाचार फैलाने के लिये
घर के प्रिंटर पर छाप सकते हैं।

इस पुस्तक को बेचना, अधिक मात्रा में फिर से छापना, वेब साईट पर डालना, दुबारा छापने के लिये सुरक्षित रखना, दूसरी भाषाओं में अनुवाद करना या धन प्राप्ति के लिये निवेदन करना निषेध है। जब तक की वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग कि लिखित अनुमति प्राप्त ना कर ली जाये।

अधिक जानकारी या दूसरी उपलब्ध सामग्री के लिये कृपया संपर्क करें:

वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग्स

पोस्ट बोक्स 950 जैफरसन विले, इन्डियाना 47131 यू. एस. ए.

www.branham.org